# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :185 स्वैच्छिक सेवा का 58 वां वर्ष अगस्त 2017


## विज्ञान लोकप्रियकरण

● लोकविज्ञान : **अगस्त अंक के लेख ''शरीर को विषमुक्त कैसे करें। जैविक घड़ी, विज्ञान समिति द्धारा आयोजित विज्ञान चेतना अभियान, शरीर निर्माण में कैल्शियम की भूमिका**

## एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम : आदर्श ग्राम विकास कार्यक्रम –

● **विश्व स्तनपान सप्ताह** के अंतर्गत 3 अगस्त को देवाली गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गृह विज्ञान महाविद्यालय से **डॉ. विशाखा सिंह** और **श्रीमती शिप्रा चेलावत** एवं विज्ञान समिति से **डॉ. प्राची भटनागर** और **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने महिलाओं से चर्चा की। चर्चा के विषय रहे – स्तनपान का महत्व, शिशु को स्तनपान से लाभ, स्तनपान करवाने का सही तरीका और धात्रि महिलाओं की समस्याओं का कैसे निवारण किया जाए। डॉ विशाखा ने बताया कि माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध बहुत फायदेमंद है और शिशु को जन्म से एक घण्टे के अन्दर स्तनपान शुरु करना चाहिए। डॉ. प्राची भटनागर ने शिशु को दूध पिलाने के सही तरीके की जानकारी दी और धात्रि महिलाओं की समस्याओं को दूर करने के लिए व्यायाम बताये। मसालों और तुलसी के फायदे भी बताए। श्रीमती शिप्रा ने जानकारी दी कि बच्चों को पोषण आहार कब से और क्या देना चाहिए। श्रीमती मंजुला ने महिलाओं को दूध बैंक की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने महिलाओं से भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा की। पढ़ने योग्य सामग्री भी वितरित की गई।

● देवाली गाँव की दूसरी विजिट 11 अगस्त को रखी गई जिसमें **प्रो. जी एस आमेटा, डॉ के एल कोठारी, श्री मुनीश गोयल तथा डॉ. जे के ढोशी** गये। कम्यूनिटी सेन्टर पर ग्राम विकास समिति के सदस्यों से चर्चा हुई। डॉ. आमेटा ने लोगों को बहुत प्रोत्साहित किया। आम के कम से कम 100 पौधे लगाने का आश्वासन लिया। दो–तीन दिन बाद **श्री भँवरसिंह जी** ने फोन पर जानकारी दी कि गाँव के लिए आम के 150 पौधे चाहिए। विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से बात कर बाँसवाड़ा में 150 आम के पौधे बुक कराये तथा वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर इन पौधों को पहले उदयपुर मँगवाया फिर 26 अगस्त को देवाली भिजवाया, **श्री इंदरसिंह जी** के मकान पर पौधे उतरवाये और वहाँ से धीरे–धीरे वितरित हो गये।

डॉ. आमेटा ने सरसों, जौ तथा गेहूँ की भी नई अच्छी उपज देने वाली वैरायटीज़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जिस पर यह निर्णय हुआ कि कम से कम 100 बीघे में गेहूँ, 30 बीघे में जौ तथा 15 बीघे में सरसों की उन्नत वैरायटी लगाएंगे, इस सम्बन्ध में डॉ आमेटा ने बीज कम्पनी से बात कर सुनिश्चित किया।

● ग्राम की तीसरी विजिट 28 अगस्त को हुई जिसमें **डॉ जी एस आमेटा, श्री मुनीश गोयल एवं डॉ जे के दोशी** गये। गाँव के देवरे पर उपस्थित लोगों को डॉ. आमेटा ने सम्बोधित किया और पशुपालन के सम्बन्ध में भी कार्यक्रम लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 11 अगस्त को अग्रवाल वाटिका में इस प्रकोष्ठ की पिकनिक आयोजित की गई जिसमें 65 महिलाएं उपस्थित रही।

**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 12 अगस्त को इस प्रकोष्ठ की पिकनिक बेदला स्थित ''धाकड़ गार्डन'' पर रखी गई। इसमें 80 सदस्याओं की उपस्थिति थी।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** दिनांक 30 अगस्तको आयोजित बैठक में **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने सभी का स्वागत किया। इसमें 25 महिलाओं की उपस्थिति थी।

## आर्थिक सहयोग

● **सदस्यता सहयोग**– डॉ. एवन्त कुमार सचेती रु. 11,000/–

● **विशिष्ट सहयोग** – श्री मुनीश गोयल रु. 25,000/–

● **मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति** – डॉ. शैल गुप्ता – रु. 1000/–; मातृ मंगल ट्रस्ट– श्री राजेन्द्र बया : रु. 6000/–

● **चिकित्सा कैम्प** – इनर व्हील क्लब – रु. 5000/–

**सभी सहयोगकर्ताओं का हार्दिक आभार।**


सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़

नए सदस्यों एवं होम साइन्स कॉलेज की प्रशिक्षिकाओं का परिचय हुआ। प्रशिक्षिकाओं **श्रीमती शिप्रा चेलावत एवं श्रीमती संध्या जी** ने महिलाओं को पौष्टिक आहार बनाना सिखाया( मूँगफली की बर्फी, भूने चने की बर्फी, मुरमुरे के लड्डू और सेरेलेक्स )।

**श्रीमती रेणु भण्डारी** ने लहर पर चर्चा की एवं उसका वितरण किया। **डॉ शैल गुप्ता** ने प्रेरणात्मक कहानी सुनाई। और टूस डांगियान में ग्रामीणों ने 3 माह तक समाचार–पत्र पढ़ा जिसका अच्छा परिणाम रहा (इसका भुगतान शैल गुप्ता जी ने किया)।

**श्रीमती मंजुला शर्मा** ने विज्ञान समिति के कार्यक्रमों की सूचना दी और मेडिकल कैम्प के लिये महिलाओं को आने के लिए प्रेरित किया। ऋण योजना के बारे में बताया एवं जिन महिलाओं ने ऋण लिया, उन्होंने किस्त जमा की। **श्रीमती सोनिया शर्मा, श्रीमती परवीन बानो, नारी बाई, कमला जोशी, भावना भीमावत (चन्देसरा)** ने अपना ऋण चुका दिया। यात्रा भत्ता दिया और जलपान करवाया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। अगस्त माह में 8 शिविर हुए जिसमें 86 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● **श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **पचासवां शिविर** दिनांक 19 अगस्त 2017 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. बिन्दु जैन, श्री बी.एल.पोखरना** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। इनके अतिरिक्त टेकिनशियन्स – श्री उमंग, श्री यशवन्त एवं श्री अरूण ने भी अपनी सेवाएं दी। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 62 नागरिकों का 10 सामान्य, 21 हृदय रोग, बी.एम.आई के 05, 24 मधुमेह, 1 नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 01 नागरिक को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **इकावनवां शिविर 17 सितम्बर 2017** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. बी.एल. चावत, श्री राजेन्द्र खोखावत एवं श्री एस.एल. भण्डारी** ने विशेष सेवाएं दी।

## विज्ञान समिति का 59 वां स्थापना समारोह




विज्ञान समिति के 59वें स्थापना दिवस समारोह में महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि वविद्यालय के कुलपति **डॉ. उमाशंकर शर्मा** मुख्य अतिथि थे । डॉ. भार्मा ने इस अवसर पर कहा कि विज्ञान समिति पिछले 58 वर्ष से विज्ञान के प्रचार प्रसार को जन जन तक पहुंचाने का महत्त्वपूर्ण कार्य कर रही है। वि वविद्यालय एवं विज्ञान समिति मिलकर ग्रामीण विकास में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने वि वास दिलाया कि वि वविद्यालय उनके प्रत्येक कार्य में सहयोग प्रदान करेगा। समारोह की अध्यक्षता, नगर विकास प्रन्यास के अध्यक्ष **श्री रवीन्द्र श्रीमाली** ने की। श्रीमाली ने कहा कि उदयपुर भाहर के सौंदर्यीकरण एवं विकास में विज्ञान समिति के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विज्ञान समिति के संस्थापक **डॉ. के. एल. कोठारी** ने सभी का स्वागत करते हुए विज्ञान समिति के चरणबद्ध विकास, विज्ञान प्रचार प्रसार, लोक विज्ञान प्रकाशन, यूआईटी से भूखण्ड आवंटन एवं भौतिक विकास, महिला सशक्तीकरण क्षेत्र में ईडारा के अंतर्गत सघन कार्य, वन विकास ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास, मशरुम, वर्मी कम्पोस्ट राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आदि प्रवृत्तियों की जानकारी दी। कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने विज्ञान समिति के विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा वर्ष भर की प्रगति जैसे नियमित प्रका ान, महिला स ाक्तीकरण, प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ एवं अन्य गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया।

**प्रतिभा एवं विशिष्ट जन सेवा सम्मान :** इस अवसर पर **जस्टिस कान्ता भटनागर पुरुषार्थ पुरस्कार** ग्राम देबारी की आंगनवाड़ी सहयोगिनी एवं आ ा कार्यकर्ता **श्रीमती सुन्दर कंवर** को दिया गया जिसके अंतर्गत प्रशस्ति–पत्र,नकद राशि, सम्मान पदक, शॉल आदि से उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षाओं (कक्षा 12वीं) में उदयपुर जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं **शेफाली मेवाड़ा (कला संकाय), सिद्धि बांठिया (वाणिज्य संकाय), दीपांशी अग्रवाल**




**(विज्ञान संकाय)** को **मातृ मंगल ट्रस्ट सम्मान एवं लेहरी बाई तोलाराम डागलिया स्वर्ण पदक** देकर प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में राजस्थान माध्यमिक ि ाक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं में जिला स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली निरंजन नाथ आचार्य रा.उ.मा. विद्यालय, इंटाली की **सुश्री पायल आमेटा को डिप्टी कमांडेंट तरुण गुप्ता अवार्ड एवं स्वर्ण पदक** प्रदान किया गया।

अरावली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी उमरड़ा, उदयपुर की छात्रा **सुश्री गजाला शेख** को उच्च ि ाक्षा हेतु वि ि ाष्ट छात्रवृत्ति प्रदान की गई। ग्रामीण क्षेत्र की उभरती प्रतिभा **सुश्री पायल सुथार** को भी सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

**विशिष्ट प्रतिभा सम्मान**

समिति की गौरव ााली परम्परा के अनुरूप बाल साहित्यकार **डॉ. विमला भंडारी**, व्यावसायिक ि ाक्षा विशेषज्ञ **डॉ. ए.के. सचेती**– को वि ि ाष्ट प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया।

**समाज सेवा सम्मान**

**डॉ. ईशाक मोहम्मद कायमखानी** प्रोफेसर, भूगोल विभाग, सुखाड़िया विश्व विद्यालय को पर्यावरण संरक्षण में विशिष्ट सेवा तथा **डॉ. अनिल कोठारी**–प्रमुख न्यासी, रोटरी मोक्ष रथ ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब, उदयपुर के पदाधिकारियों को वि ि ाष्ट जन सेवा सम्मान से नवाजा गया।

**विशिष्ट सेवाओं के लिए विज्ञान समिति के सदस्यों का सम्मान-**

**आजीवन सदस्य –** डॉ. एस.एन. जो ी, राजेन्द्र बया, डॉ. महीप भटनागर, डॉ. बी.एल. चावत, डॉ. अनुराग तलेसरा, श्रीमती रेणु भंडारी, श्रीमती शकुन्तला धाकड़, डॉ. शैल गुप्ता को विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

**नये सदस्यों का सम्मान**

**विशिष्ट संरक्षक सदस्य सम्मान –** 1. प्रो डॉ सुशीला अग्रवाल 2. डॉ आई एल जैन

**नये संरक्षक सदस्य सम्मान –** 1. रमेश चन्द्र भटनागर 2. श्री मुनीष गोयल 3. डॉ पी एम अग्रवाल 4. श्रीमती निर्मला शाह।

**नये आजीवन सदस्य सम्मान–** 1. श्री गणपतलाल पोरवाल 2. श्री लोकेश जोशी 3. श्री रणजीत सिंह सोजतिया 4. श्री हनुमन्त कुमार तलेसरा 5. श्री प्रकाश जैन 6. श्री शैलेन्द्र कुमार मेहता 7. डॉ एवन्त कुमार सचेती 8. प्रो. डॉ. जी एस आमेटा।

विज्ञान समिति के महासचिव **आर.सी. भटनागर** ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन **डॉ. सुरेन्द्र**

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

विज्ञान समिति में 71 वाँ स्वतन्त्रता दिवस प्रतिवर्ष की भाँति उत्साहपूर्वक मनाया गया। 11 बजे झण्डारोहण एवं राष्ट्रगान हुआ, फिर **पन्नाधाय सभाकक्ष** में कार्यक्रम हुआ, मुख्य अतिथि थे हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं उद्योगपति, **इंजीनियर श्री बी. एच. बाफना,** अध्यक्षता की **श्री महावीर राँका** उद्योगपति , सदस्यों की संख्या लगभग 60 थी। सुंदर एवं संक्षिप्त कार्यक्रम के पश्चात् जलपान हुआ।



## डॉ. डी. एस. कोठारी विज्ञान चेतना अभियान

पद्विभूषण डॉ. डी. एस. कोठारी का जन्म 6 जुलाई को हुआ था। उनके जन्मदिन सम्बन्धी हम दो कार्यक्रम आयोजित करते हैं, एक है दर्शन विज्ञान संगोष्ठी जो उसी दिन आयोजित होती है। इस वर्ष की संगोष्ठी का विवरण जुलाई के अंक में दिया जा चुका है। दूसरा कार्यक्रम हम विज्ञान चेतना अभियान के रूप में करते हैं जिसमें विद्यार्थियों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं। इस वर्ष ये प्रतियोगिताएं 1 और 2 अगस्त को आयोजित हुई जिसमें **विज्ञान क्विज, वाद-विवाद प्रतियोगिता, प्रयोग-प्रदर्शन प्रतियोगिता, अवलोकन आधारित प्रश्नोत्तरी** आयोजित हुई जिसमें नगर के कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार **डॉ. यशवन्त कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट** द्वारा दिए गये। कार्यक्रम का संपूर्ण विवरण इसी माह की लोक विज्ञान में दिया गया है।

## कार्यकारिणी परिषद बैठक

कार्यकारिणी परिषद बैठक दिनांक 17 अगस्त को समिति में **डॉ के बी शर्मा** की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें 21 सदस्य उपस्थित थे। पिछली बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन के बाद कार्यप्रगति की जानकारी दी गई। स्थापना दिवस के कार्यक्रम पर चर्चा हुई जिसमें मुख्य अतिथि और अध्यक्ष के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हुआ। नये विशिष्ट संरक्षक सदस्य, संरक्षक सदस्य एवं आजीवन सदस्यों की स्वीकृति दी गई। सम्मान कार्यक्रम की स्वीकृति दी गई।

## सदस्यों सम्बन्धी

● हमारे वरिष्ठ संरक्षक सदस्य इंजीनियर **अरुण कोठारी,** पूर्व निदेशक खान एवं भू–विज्ञान विभाग राजस्थान सरकार जो वर्तमान में माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं को भारत सरकार ने राष्ट्रीय खनिज नीति , 2008 की समीक्षा हेतु बनी समिति में सदस्य नियुक्त किया है। हार्दिक बधाई।

● हमारे प्रशासनिक एडवाइजर **श्री सुरेन्द्र भटनागर** के सुपुत्र **डॉ. अनुज भटनागर** सहायक वाणिज्य कर अधिकारी, डूंगरपुर को ''जिले में नवीन कर प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जी.एस.टी.'' पर उत्कृष्ट कार्य हेतु स्वतंत्रता दिवस –2017 पर जिला प्रशासन डूंगरपुर द्वारा सम्मानित किया गया। हार्दिक बधाई।

**बुक-पोस्ट**

**प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर**

**सेवा में**

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**September**

| | |
|---|---|
| Sh. Ranjeet Choudhry | 01/09 |
| Sh. S.L. Nalwaya | 05/09 |
| Sh. Arvind Mehta | 14/09 |
| Sh. SL Bhandari | 15/09 |
| Sh.R.K.Chatur | 16/09 |
| Sh.Rakesh Samar | 16/09 |
| Dr. Anurag Talesara | 22/09 |
| Sh. J.S.Pokharna | 24/09 |
| Dr.Yogesh Joshi | 30/09 |

**October**

| | |
|---|---|
| Sh.K.S. Nahar | 05/10 |
| Sh. R.C. Bhatnagar | 09/10 |
| Dr. Yogesh Atal | 09/10 |
| Sh.Sanjay Kothari | 10/10 |
| Sh. K.L. Bohra | 18/10 |
| Smt. Rekha Paliwal | 19/10 |
| Sh. Ganesh Dagliya | 20/10 |
| Sh. L.L. Chandalya | 20/10 |
| Sh. B.S. Bhandari | 27/10 |
| Sh. M.S.Surana | 30/10 |





**अगस्त माह में श्री मुनीश गोयल एवं श्रीमती शकुन्तला धाकड़** का जन्मदिन समिति में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## विज्ञान समिति के सितम्बर माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❐ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❐ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 17 सितम्बर 2017 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | सोमवार 11 सितम्बर | प्रातः 10.00 बजे से |
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम | 08,15,22 सितम्बर 2017 | |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | बुधवार 20 सितम्बर | प्रातः 10.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ बैठक | शनिवार 23 सितम्बर | प्रातः 10.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ बैठक Scientific perspective of Jainism का विमोचन तेरापंथ भवन में | शनिवार 09 सितम्बर | प्रातः 10.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | शनिवार 30 सितम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ युवा प्रकोष्ठ द्वारा जिज्ञासा कार्यक्रम –पोषण पर प्रश्नोत्तर | शुक्रवार 16 सितम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर | | |

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)**